No. of Printed Pages : 11 **CNCC–1**

# CERTIFICATE IN NUTRITION AND CHILD CARE

# (CNCC)

## Term-End Examination

## December, 2025

### CNCC-1 : NUTRITION FOR THE COMMUNITY

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

---

***Note :*** *(i) Question No. **1** is compulsory.*

*(ii) Attempt **five** questions in all.*

*(iii) All questions carry equal marks.*

---

1. (a) Define the following in **2-3** sentences each giving examples : 2×5=10

(i) Lathyrism

(ii) Job description

(iii) Food

(iv) Non-available carbohydrates

(v) Diabetes mellitus

(b) Fill in the blanks : 1×10=10

(i) Energy giving foods are rich in carbohydrates and ............. .

(ii) One gram of carbohydrate provides approximately ............. kcal.

(iii) Cereals are rich in ............. amino acid.

(iv) ............. is essential for digestion and absorption of fats and oil.

(v) Ascorbic acid is termed as ............. vitamin.

(vi) A meal plan for a heavy worker, would have more of ............. rich food.

(vii) ............. is the chief source of protein for most of Indians.

(viii) The food items which can survive without any perceptible sign of spoilage for a couple of weeks are known as ............. foods.

(ix) MDM programme provides one meal for children attending ............ section of school.

(x) Goitre is characterized by the swelling of ............ gland.

2. (a) Define health. Explain the *four* dimensions of health in detail by giving suitable examples. 8

(b) Elaborate the following :

(i) Common structure of cereal grain 4

(ii) Difference between saturated fatty acid and unsaturated fatty acid 4

(iii) Difference between essential and non-essential amino acids 4

3. Explain the following briefly :

(a) Function of Vitamin A in the body 5

(b) Sprouting and Fermentation 5

(c) Classification of food based on functions 10

4. (a) Explain the concept of RDA. What are the factors which influence the RDAs for an adult ? 10

(b) What are the specific considerations we have to keep in mind while planning diet for a lactating mother ? 10

5. (a) What is a food budget ? Explain the factors influencing food budget. 10

(b) Discuss the role of grades, brand and labels in food selection. 6

(c) Discuss the points to consider while selecting any *one* of the following : 4

(i) Cereals and Millets

(ii) Flesh foods

6. Explain any *four* of the following briefly :

5×4=20

(i) Types of formula diets

(ii) Bitot spots and Keratomalacia

(iii) Preventive measure to control iodine deficiency disorder

(iv) Treatment and prevention of Osteomalacia

(v) Effect of infection on nutritional status

7. (a) Describe in detail the objectives, target groups and distribution strategy of National Programme for Prevention of Nutritional Blindness. 12

(b) Discuss the role of CDPO, Supervisor and AWW in ICDS programme. 8

8. (a) Outline the typical steps involved in establishment of food services unit. 8

(b) Explain the resources needed for running a food service establishment. 6

(c) Discuss the points that should be kept in mind while storing food items. 6

# CNCC–1

## पोषण एवं बाल देखभाल में प्रमाण-पत्र

## (सी. एन. सी. सी.)

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2025

## सी.एन.सी.सी.-1 : समुदाय के लिए पोषण

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *(i) प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।*

*(ii) कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(iii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

---

1. (क) निम्नलिखित के उदाहरण देते हुए **2-3** वाक्यों में परिभाषित कीजिए : 2×5=10

(i) कलायखंज

(ii) कार्य का विवरण

(iii) भोजन

(iv) अनुपलब्ध कार्बोज़

(v) मधुमेह

(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×10=10

(i) ऊर्जा प्रदान करने वाले खाद्य पदार्थों में कार्बोज़ तथा ………… प्रचुर मात्रा में होते हैं।

(ii) एक ग्राम कार्बोहाइड्रेट से लगभग ………… किलो–कैलोरी की मात्रा प्राप्त होती है।

(iii) अनाजों में ………… अमीनो अम्ल प्रचुर मात्रा में होता है।

(iv) वसा एवं तेल के पाचन एवं अवशोषण के लिए ………… आवश्यक है।

(v) एस्कॉर्बिक एसिड को ………… विटामिन कहा जाता है।

(vi) एक अधिक श्रम करने वाले व्यक्ति के लिए आहार योजना में ………… युक्त भोजन अधिक होगा।

(vii) ………… अधिकांश भारतीयों के लिए प्रोटीन का मुख्य स्रोत है।

(viii) वे खाद्य पदार्थ जो बिना किसी प्रत्यक्ष खराबी के कुछ हफ्तों तक रखे जा सकते हैं, उन्हें ………… खाद्य पदार्थ कहा जाता है।

(ix) मध्याह्न भोजन कार्यक्रम उन बच्चों को एक समय का भोजन प्रदान करता है, जो ………… में पढ़ते हैं।

(x) घेंघा रोग में ………… ग्रंथि की सूजन विशेष रूप से देखी जाती है।

2. (क) स्वास्थ्य को परिभाषित कीजिए। उचित उदाहरण देते हुए स्वास्थ्य के **चार** आयामों का सविस्तार वर्णन कीजिए। 8

(ख) निम्नलिखित की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए :

(i) अनाज की सामान्य संरचना 4

(ii) संतृप्त तथा असंतृप्त वसीय अम्ल में अन्तर 4

(iii) अनिवार्य तथा गैर–अनिवार्य एमीनो अम्लों में अन्तर 4

3. निम्नलिखित का संक्षेप में वर्णन कीजिए :

(क) शरीर में विटामिन 'ए' का कार्य 5

(ख) अंकुरण एवं खमीरीकरण 5

(ग) कार्यों के आधार पर खाद्य पदार्थों का वर्गीकरण 10

4. (क) आर. डी. ए. की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। एक वयस्क व्यक्ति के आर. डी. ए. को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं ? 10

(ख) एक स्तनपान कराने वाली स्त्री के लिए आहार योजना बनाते समय आप किन बातों का विशेष ध्यान रखेंगे ? 10

5. (क) खाद्य बजट क्या है ? खाद्य बजट को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए। 10

(ख) खाद्य पदार्थों के चयन में मानकों, ब्राण्ड तथा लेबल की भूमिका पर चर्चा कीजिए। 6

(ग) निम्नलिखित का चयन करते समय आप जिन बातों को ध्यान में रखेंगे, उनकी चर्चा कीजिए : 4

(i) अनाज एवं मिलेट

(ii) माँसाहारी खाद्य पदार्थ

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** की संक्षेप में व्याख्या कीजिए : 5×4=20

(i) सूत्र आहार (formula diets) के प्रकार

(ii) बिटोट बिन्दु तथा केरेटोमलेशिया

(iii) आयोडीन की कमी से होने वाली विसंगति को नियंत्रित करने के लिए रोकथाम

(iv) अस्थिमृदुता का उपचार एवं रोकथाम

(v) संक्रमण का पोषण स्तर पर प्रभाव

7. (क) पोषणज अंधता की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के उद्देश्यों, लक्ष्य समूह तथा वितरण कार्यनीति को विस्तार से समझाइए। 12

(ख) आई. सी. डी. एस. कार्यक्रम में सी. डी. पी. ओ., सुपरवाइज़र तथा आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका की चर्चा कीजिए। 8

8. (क) भोजन परिवेषण इकाई स्थापित करने में आप किन चरणों का अनुसरण करेंगे, एक रूपरेखा तैयार कीजिए। 8

(ख) खाद्य परिवेषण संस्था चलाने के लिए अपेक्षित संसाधनों का वर्णन कीजिए। 6

(ग) खाद्य संग्रहण करते समय आप जिन बातों का ध्यान रखेंगे, उनका वर्णन कीजिए। 6

× × × × ×